आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. उपराज्यपाल ने कल विभिन्न अधिकारियों से मुलाकात कर दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा की–जनता दर्शन कार्यक्रम के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए।
2. सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए 'प्रधानमंत्री – सड़क दुर्घटना पीड़ित अस्पताल भर्ती एवं आश्वस्त उपचार योजना' शुरू की गई है।
3. मत्स्य पालन विभाग की ओर से रैम्प योजना के तहत चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से शुरू।
4. द्वीपसमूह में 31 अक्टूबर तक एकाध स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल, डॉ. दिनेश शर्मा ने कल लोक निवास में मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती, आयुक्त–सह–सचिव, शिक्षा सचिव, स्वास्थ्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और परिवहन से संबंधित मामलों पर विस्तृत चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व में दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन में हुई प्रगति की भी समीक्षा की। उपराज्यपाल ने आगामी 'जनता दर्शन' कार्यक्रम के आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए।

<><><><><><><><>

राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के निदेशक योगेश चंद्र श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक प्रभात कुमार सिंह और अन्य अधिकारियों ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल, डॉ. दिनेश शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग–4 के कार्यों की प्रगति और निर्माण कार्य के दौरान आ रही चुनौतियों से अवगत कराया। उपराज्यपाल ने उन्हें प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

इसी क्रम में, अंडमान शिप ओनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात कर द्वीपों में जहाजरानी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही आगामी पर्यटन सीजन को ध्यान में रखते हुए यात्री सुविधाओं में और सुधार करने तथा समुद्री परिवहन को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित एवं कुशल बनाने के उपायों के बारे में जानकारी दी। इस बीच, दक्षिण अंडमान जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने भी उपराज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें स्थानीय मुद्दों एवं समस्याओं से अवगत कराया।

<><><><><><><><>

भारत सरकार ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समय पर चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री – सड़क दुर्घटना पीड़ित अस्पताल भर्ती एवं आश्वस्त उपचार योजना' शुरू की है। यह योजना 13 फरवरी, 2026 को देश भर में शुरू की गई थी। इस योजना के तहत, मोटर वाहनों से जुड़ी सड़क दुर्घटनाओं के पात्र पीड़ितों को दुर्घटना की तिथि से अधिकतम सात दिनों की अवधि के लिए प्रति पीड़ित डेढ़ लाख तक के नकद रहित उपचार दिया जाएगा। सड़क दुर्घटना की स्थिति में पीड़ित, परिवार का सदस्य, प्रत्यक्षदर्शी या कोई भी मददगार व्यक्ति आपातकालीन सहायता, एम्बुलेंस सहायता और निकटतम नामित अस्पताल की जानकारी के लिए तुरंत 112 डायल कर सकता है। नामित अस्पतालों के अलावा अन्य अस्पतालों को आवश्यकतानुसार रेफरल या ट्रांसफर से पहले योजना के तहत निर्धारित 'स्टेबलाइजेशन ट्रीटमेंट' प्रदान करना आवश्यक है। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस योजना के तहत जी.बी. पंत, बिशप जॉन रिचर्डसन, डॉ. राजेंद्र प्रसाद अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डिगलीपुर, रंगत, ननकौड़ी और बम्बूफ्लाट को शामिल किया गया है। निजी अस्पतालों को भी इस योजना से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। परिवहन विभाग ने सभी से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है।

<><><><><><><><>

राज्य परिवहन निदेशालय की ओर से मोटर वाहनों के लिए नई अग्रिम श्रृंखला "AN01-X" जारी की गई है। पंजीकरण संख्या 2 नवंबर से आरक्षण के लिए उपलब्ध करा दिए जाएंगे। अपनी पसंद का पंजीकरण नंबर आरक्षित करने के इच्छुक आवेदक ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग की ओर से 'राइज़िंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस' कार्यक्रम के तहत 'झींगा पालन और केज कल्चर पर विशेष जोर के साथ खारे पानी में जलीय कृषि' विषय पर चार दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण के पहले बैच की शुरुआत आज सुबह 10 बजे श्री विजयपुरम में होगी। इस कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय खारा जल कृषि संस्थान, चेन्नई द्वारा किया जाएगा। यह पहल आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव के मार्गदर्शन में RAMP कार्यक्रम के तहत शुरू की जा रही है। इसी तरह का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम डिगलीपुर में 2 नवम्बर से 4 नवम्बर तक आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में 31 अक्टूबर तक एकाध स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति 50 किमी प्रति घंटे तक रहेगी, जिसके बढ़कर 60 किमी प्रति घंटे होने की संभावना है। मछुआरों को 30 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><><>

बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, रंगत में वर्किंग विमेन हॉस्टल में कमरे के लिए पात्र कामकाजी महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस हॉस्टल का जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा। इच्छुक कामकाजी महिलाएँ आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन संबंधित कार्यालय में जमा कर सकती हैं। कमरों का आवंटन कमरों की उपलब्धता के अधीन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा। पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और कमरों की उपलब्धता के संबंध में अधिक जानकारी के लिए आवेदक कार्य अवधि के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। आवेदन पत्र समाज कल्याण निदेशालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><><>

खेल एवं युवा मामला निदेशालय ने 'खेलो इंडिया' योजना के तहत द्वीपसमूह के विभिन्न खेलो इंडिया केंद्रों में अनुबंध के आधार पर खेल प्रशिक्षकों के रूप में नियुक्ति के लिए पूर्व विजेता एथलीटों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित प्रशिक्षकों को 25 हजार रूपये प्रति माह का मानदेय दिया जाएगा। पात्रता मानदंड और निर्धारित आवेदन पत्र खेल विभाग की आधिकारिक वेबसाइट तथा राज्य पोर्टल पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों की स्व–सत्यापित प्रतियों के साथ नेताजी खेल परिसर में 9 नवम्बर शाम पांच बजे तक जमा कर सकते ह ।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला पुलिस टीम ने 18 वर्षीय लापता लड़की को गुमशुदगी के 24 घंटे के भीतर ढूंढ निकाला। पहाड़गांव थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद खोज दल का गठन किया गया। स्थानीय पूछताछ, सीसीटीवी फुटेज की जांच और सोशल मीडिया समूहों के माध्यम से लापता लड़की के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर, पुलिस खोज टीमों ने बस स्टेशनों, होटलों और लॉज में समन्वित तलाशी अभियान

चलाया। जांच के दौरान टुशनाबाद निवासी 28 वर्षीय मनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। आगे की कार्रवाई जारी है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिले में आगामी पंचायत आम चुनाव–2027 के संबंध में, महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों का निर्धारण करने के लिए कल लॉटरी का आयोजन किया गया। यह कार्यवाही चुनाव आयुक्त सुधांशु पांडे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सचिव एस. के. गुप्ता, जिला उपायुक्त सुशांत पाधा, अपर जिला मजिस्ट्रेट एस. कृष्णा चैतन्य, जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मध्योत्त अंडमान जिले की कुल 450 सीटों में से 157 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों की अंतिम सूची चुनाव आयोग द्वारा अधिसूचित की जाएगी।

<><><><><><><>